कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद।

पत्रांक– C-461 /जि0का0अधि0/2021–22/दिनांक– 8-2-2022

कार्यालय ज्ञाप

जैसा कि आप अवगत है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के लिए 14 फरवरी, 2022 को जनपद में मतदान किया जाना है। निर्वाचन कार्य के लिए कतिपय मतदान केन्द्रों पर महिला कर्मचारी पोलिंग पार्टी के सदस्य के रूप में लगायी गयी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों में स्थित मतदान केन्द्रों के निकट आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकायें तैनात है, जो वहीं की निवासी हैं।

सभी आंगनबाडी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2022 को सायं पहुँचने वाली पोलिंग पार्टी में मतदान केन्द्र पर जाकर महिला मतदान अधिकारी से सम्पर्क कर उनके प्रवास आदि में मतदान सखी के रूप में सहायता करें तथा दिनांक 14.02.2022 को मतदान के दिन यदि किसी महिला पीठासीन अधिकारी / मतदान अधिकारी के पास कोई छोटा बच्चा है तो महिला अधिकारी की सहायता एवं बच्चे के भोजन आदि की व्यवस्था में सहयोग करना सुनिश्चित करेंगी। जिससे उनके द्वारा निर्वाचन कार्य सहजतापूर्वक किया जा सके।

अतः समस्त आंगनबाडी कार्यकत्री व सहायिका मतदान सखी के रूप में उपरोक्तानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में मतदान के दिन आंगनबाडी कार्यकत्री व सहायिकाओं के द्वारा मतदान कक्ष में प्रवेश नहीं किया जाएगा।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
जिलाधिकारी
मुरादाबाद।

पृष्ठांकन पत्र संख्या– C-461 /तद्दिनांक–

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
2. जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुरादाबाद।
3. समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद मुरादाबाद।

समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाय

जिलाधिकारी
मुरादाबाद।

उपरोक्त अनुसार आप सभी को सूचित किया जाता है की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मुरादाबाद द्वारा आपकी ड्यूटी आपके ही गांव के पोलिंग बूथ पर सामान्य निर्वाचन 2022 में लगाई गई है इसमें आप स्वयं उपस्थित रहकर चुनाव ड्यूटी कार्य संपादित करें इस कार्य में किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा चुनाव ड्यूटी की सूचना आप एक दूसरे को भी साझा करें।

बाल विकास परियोजना अधिकारी
डींगरपुर मुरादाबाद